# राजधानी में सड़क धंसी, तीन कारें फँसीं

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश ने कई क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित कर दिया है। भोपाल के कोलार क्षेत्र में सड़क धंसने से तीन कारें फंस गईं, जबकि कलियासोत बांध का जलस्तर बढ़ने पर दो गेट खोलकर पानी छोड़ा गया। कलियासोत नदी भी उफान पर बनी हुई है।

प्रदेश के कई बांधों से भी पानी छोड़ा जा रहा है। टीकमगढ़ के बान सुजारा बांध के आठ गेट खोलकर धसान नदी में पानी छोड़ा गया, जबकि शिवपुरी के मड़ीखेड़ा बांध के चार गेट खुले हैं। अन्य बांधों का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। बारिश और बाढ़ जैसे हालात को देखते हुए श्योपुर, शिवपुरी, गुना, मुरैना, रायसेन, भिंड और ग्वालियर में शनिवार को स्कूल बंद रखे गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आपदा प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा करते हुए बताया कि बीते एक महीने में विभिन्न टीमों ने 2783 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 19 जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।



### कोलार में सड़क धंसी, 3 कारें फंसी

भोपाल के कोलार रोड स्थित दानिशकुंज इलाके में आम्रवेली परिसर के बाहर सड़क धंस गई। सड़क के नीचे की जमीन खिसकने से तीन कारें धंसे हुए हिस्से में फंस गईं। घटना के बाद परिसर में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। आम्रवेली एक आठ मंजिला इमारत है। इसके ठीक बाहर सड़क का बड़ा हिस्सा धंसने से परिसर की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जमीन धंसने से कार मालिकों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आम्रवेली परिसर कलियासोत डैम के किनारे स्थित है।

### कलियासोत नदी का जलस्तर बढ़ा, निचले इलाकों में अलर्ट

राजधानी के कलियासोत डैम के दो गेट खोले गए। गेट खुलते ही पानी की निकासी शुरू हुई और कलियासोत नदी का जलस्तर बढ़ गया। डैम से पानी छोड़े जाने का नजारा देखने के लिए लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने मोबाइल से पानी की तेज धार और खुले गेट का वीडियो बनाया। नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद प्रशासन ने निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से नदी और आसपास के निचले क्षेत्रों में जाने से बचने की अपील की है।

जमीन धंसने की वजह से आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा और सड़क की मजबूती को लेकर चिंता बढ़ गई है। अब यह सवाल भी उठ रहा है कि सड़क के नीचे जमीन धंसने की वजह क्या रही और परिसर के आसपास निर्माण एवं सुरक्षा मानकों का पालन हुआ या नहीं।

## निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सख्ती

# अम्बेडकर सेतु की मरम्मत का खर्च ठेकेदार से वसूला जाएगा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** लोक निर्माण विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। भोपाल के गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक बने अम्बेडकर सेतु में सामने आई खामियों की मरम्मत और संधारण का पूरा खर्च संबंधित ठेकेदार संस्था से वसूला जाएगा।

विभाग के अनुसार मरम्मत की वास्तविक लागत के साथ 20 प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि भी ठेकेदार से ली जाएगी। इसके लिए विभाग पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। फ्लाईओवर का निर्माण दिसंबर 2024 में पूरा हुआ था और इसकी दोष दायित्व अवधि दिसंबर 2029 तक है। इस दौरान निर्माण और संधारण संबंधी कमियां दूर करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की है।

वर्षाकाल में फ्लाईओवर की बियरिंग कोट में दोबारा खराबी के साथ जल निकासी व्यवस्था में भी कमियां सामने आईं। ड्रेनेज स्पाउट और वर्षाजल निकासी पाइप क्षतिग्रस्त व अवरुद्ध पाए गए, जिससे पानी सड़क पर गिरने और सर्विस रोड पर जलभराव की समस्या हुई।

विभाग ने ठेकेदार को सुधार कार्य के लिए कई बार निर्देश दिए, लेकिन निर्धारित समय में सभी कमियां दूर नहीं की गईं। इसके बाद 4.69 करोड़ रुपये के सुधार कार्य की निविदा जारी की गई।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने निविदा प्रक्रिया पर फिलहाल स्थगन देते हुए ठेकेदार को सभी खामियां दूर कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, लापरवाही के मामले में संस्था को काली सूची में दर्ज करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसके जवाब का परीक्षण किया जा रहा है।

# भदभदा डैम का गेट खोलने पर जांच तेज, टीम ने ड्रोन से की पड़ताल

### प्रभावित क्षेत्रों में हूटर तथा मुनादी के माध्यम से लोगों को सतर्क किया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के भदभदा डैम का गेट खोले जाने के बाद उठे सवालों को लेकर जांच तेज हो गई है। शनिवार को जांच दल ने बड़े तालाब, भदभदा डैम और सैर सपाटा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान आसपास के क्षेत्रों की स्थिति जानने के लिए ड्रोन से फुटेज भी तैयार किए गए। बारिश के कारण जांच कार्य कुछ प्रभावित जरूर हुआ।

शुक्रवार शाम भदभदा डैम का गेट नंबर छह खोले जाने के बाद यह मामला चर्चा में आ गया था। बड़े तालाब के पूर्ण जलस्तर और उसके आसपास अतिक्रमण की स्थिति को लेकर पहले से निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में गेट खोले जाने की प्रक्रिया और उस समय के जलस्तर की भी जांच की जा रही है।

जांच दल ने डैम के आसपास पहुंचकर जलस्तर से जुड़े रिकॉर्ड देखे और विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। प्रशासनिक अमला भी बड़े तालाब की वास्तविक सीमा और आसपास की स्थिति का आकलन करने की तैयारी में जुटा है। नगर निगम का कहना है कि कोलांस नदी से लगातार पानी आने के कारण आसपास जलभराव की आशंका बन रही थी। ऐसे में भदभदा डैम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तय प्रक्रिया के अनुसार गेट खोला गया। निगम के अनुसार संबंधित एजेंसियों को सूचना दी गई थी और संभावित प्रभावित क्षेत्रों में हूटर तथा मुनादी के माध्यम से लोगों को सतर्क किया गया। मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी नगर निगम से गेट खोलने की मंजूरी और पूरी प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसके आधार पर आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# थाली-चम्मच और पुंगी बजाकर कांग्रेस ने सांसद और महापौर व विधायक को 'जगाने' का किया प्रदर्शन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कोलार क्षेत्र में कांग्रेस ने शुक्रवार को अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करते हुए थाली-चम्मच, बीन और पुंगी बजाकर भाजपा जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। मंदाकिनी चौराहे पर कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौर के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में भोपाल की महापौर को गुमशुदा बताते हुए सांसद और हुजूर विधायक पर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चुप्पी साधने का आरोप लगाया गया।




प्रदर्शन में महिलाओं ने थाली और चम्मच बजाकर विरोध जताया, जबकि युवा कार्यकर्ताओं ने पुंगी और बीन बजाई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कोलार क्षेत्र में दुकानों के बंद होने और अन्य समस्याओं से व्यापारी व आम नागरिक परेशान हैं, लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इन मुद्दों पर सक्रिय नहीं हैं। राहुल सिंह राठौर ने कहा कि यदि सांसद, महापौर और विधायक जल्द ही क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान नहीं देते हैं तो कांग्रेस कार्यकर्ता उनके निवास के बाहर भी प्रदर्शन करेंगे।

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल का मास्टर प्लान जल्द लागू करने की मांग की। नेताओं का कहना था कि इससे कोलार क्षेत्र के रहवासियों, व्यापारियों और आम जनता की कई समस्याओं के समाधान का रास्ता खुलेगा। प्रदर्शन में कांग्रेस के कई पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता और स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ज्ञान का सदुपयोग अहिंसा के लिए हो, दुरुपयोग विनाश का कारण : आचार्य श्री समय सागर

**नप्र, भोपाल :** आचार्य श्री समय सागर महाराज के वर्षायोग के दौरान राजधानी में निरंतर आध्यात्मिक गतिविधियां चल रही हैं। संघ के संतों और ब्रह्मचारी भैया-बहनों द्वारा प्रतिदिन तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन किया जा रहा है।

श्रद्धालु आचार्य श्री से राग से वैराग्य की ओर बढ़ने और आत्मशुद्धि के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। वर्षायोग समिति के स्वागत अध्यक्ष अखलेंद्र जैन ने बताया कि देश के विभिन्न शहरों से श्रद्धालु प्रतिदिन आचार्य श्री के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। आत्मशुद्धि पर्व के अंतर्गत 16 से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाले आत्म साधना शिविर के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंजीयन करा रहे हैं।

आचार्य श्री समय सागर महाराज ने कहा कि सांसारिक पदार्थों से जब तक पूरी तरह दृष्टि नहीं हटेगी, तब तक वीतरागता की प्राप्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास की अंधी दौड़ में ज्ञान का दुरुपयोग हो रहा है, जिसके कारण संपूर्ण विश्व विनाश की ओर बढ़ रहा है। जिस ज्ञान से अहिंसा का पोषण हो, वही सम्यक ज्ञान है, जबकि हिंसा को बढ़ावा देने वाला ज्ञान कुमति ज्ञान है। ज्ञान का सदुपयोग प्राणी मात्र के विकास का माध्यम बन सकता है।

इस दौरान 'विधोदय युवा संघ' के उच्च शिक्षित युवा भी सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संघ के सचिव यश जैन ने बताया कि मुनि निष्पक्ष सागर महाराज की प्रेरणा से गठित संघ में डॉक्टर, एडवोकेट, इंजीनियर और आईटी क्षेत्र से जुड़े युवा अपनी व्यस्तताओं के बीच समय निकालकर वर्षायोग की व्यवस्थाओं में सेवाएं दे रहे हैं।

# बाणगंगा चौराहे पर फिर बड़ा हादसा होने से टला 16 चका ट्रक के ब्रेक फेल, पीछे लुढ़का



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के बाणगंगा चौराहे पर शुक्रवार, 4 सितंबर की देर रात एक बार फिर उस समय बड़ा हादसा होने से टल गया जब माल से भरे एक 16 पहिया ट्रक के ब्रेक फेल हो गए।

इसके बाद ट्रक तेज रफ्तार से पीछे की ओर लुढ़क गया। गनीमत रही कि रात के समय हादसा हुआ उस समय रोड पर ट्रैफिक नहीं था और मौके पर भीड़ कम थी। इससे कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर घायल हो गया। मोके पर मौजूद लोगो का कहना है कि अचानक ब्रेक फेल होने के बाद ट्रक बेकाबू होकर पीछे आता देख लोग डर गये गनीमत रही की कम लोग होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। बाद में घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। गौरतलब है कि सालभर पहले इसी स्थान पर 12 मई 2025 को स्कूल बस के ब्रेक फेल होने से जानलेवा बड़ा हादसा हो गया था। उस एक्सीडेंट में एक स्कूटी सवार आयशा नामक डॉक्टर की मौत हो गई थी, और 6 लोग घायल हुए थे। बीती रात हुए ट्रक हादसे ने सालभर पुराने हादसे की यादें ताजा कर दी।

### कैग ऑडिट अधिकारी के घर से मादक पदार्थ बरामद, पत्नी गिरफ्तार

**नप्र, भोपाल :** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र की प्राइड सिटी कॉलोनी में पुलिस ने कैग के एक ऑडिट अधिकारी के घर पर कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में अधिकारी की पत्नी सोनम बिसेन को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि घर में मादक पदार्थ रखे हुए हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने शनिवार रात मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान रसोई में छिपाकर रखा करीब तीन ग्राम एमडी और 1200 ग्राम गांजा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद मादक पदार्थ महिला तक कैसे पहुंचे और इन्हें कहां सप्लाई किया जाना था। जांच के दौरान महिला के संपर्कों, मोबाइल फोन और मादक पदार्थों की सप्लाई से जुड़े संभावित नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राजधानी में विधायक शर्मा को महिलाओं ने बांधा रक्षासूत्र

### बहनों का आशीर्वाद मिलना, सबसे बड़ी जनसेवा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नीलबड़ क्षेत्र में आयोजित रक्षाबंधन उत्सव में शनिवार को हजारों महिलाओं ने विधायक रामेश्वर शर्मा की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनके प्रति अपना स्नेह और विश्वास व्यक्त किया। रातीबड़ भाजपा मंडल के अंतर्गत हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।



विधायक शर्मा ने बहनों से मिले स्नेह को अपने लिए बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं है, बल्कि विश्वास, सम्मान और सुरक्षा के संकल्प को मजबूत करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि उनकी कलाई पर बंधा प्रत्येक रक्षासूत्र उन्हें क्षेत्र की बहनों के सम्मान, सुरक्षा और खुशहाली के लिए निरंतर काम करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजी है और बहनों का आशीर्वाद उन्हें जनसेवा के लिए लगातार ऊर्जा प्रदान करता है। रक्षाबंधन समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को याद करने का भी अवसर है।

शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। उनका कहना था कि महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक भागीदारी बढ़ने से समाज में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक महिला आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़े। बहनों का विश्वास उनके लिए केवल राजनीतिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अस्पताल जाते समय ट्रक ने मारी टक्कर, सुपरवाइजर की मौत

**नप्र, भोपाल :** निशातपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक सुपरवाइजर की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी दोपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। शिवानी होम्स निवासी 53 वर्षीय कुलदीप सक्सेना दीवानगंज स्थित एक रासायनिक कारखाने में सुपरवाइजर थे। शनिवार सुबह करीब नौ बजे वे नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए भानपुर स्थित निजी अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान डी मार्ट और पीपुल्स अस्पताल के बीच पीछे से आए ट्रक ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी।

हादसे में कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर फरार ट्रक चालक और वाहन की तलाश शुरू कर दी है। कुलदीप की मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक छा गया।

# फ्लैट में बंधक बनाकर कारोबारी से की लूट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कटारा हिल्स क्षेत्र में निवेश और करोड़ों रुपये का काम दिलाने का झांसा देकर एक कारोबारी को फ्लैट में बंधक बनाने और उसके साथ लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अन्य की तलाश शुरू कर दी है। भदभदा रोड निवासी यशवंत लोधी ने पुलिस को बताया कि करीब 15 दिन पहले दीपक नामक व्यक्ति ने उससे संपर्क किया था। उसने यशवंत की कंपनी में निवेश करने और बड़े काम दिलाने का प्रस्ताव दिया। बाद में दीपक और हरीश दुबे ने उसे बताया कि उनके पास कई बड़ी परियोजनाओं पर काम करने वाली टीम है और साथ काम करने पर कुल मुनाफे का तीन प्रतिशत दिया जाएगा।आरोप है कि दोनों यशवंत को विदिशा ले गए, जहां कामकाज के बहाने उसकी इंटरनेट बैंकिंग की पहचान और पासवर्ड की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद 31 अगस्त की रात उसे भोपाल लाकर कटारा हिल्स स्थित एक बहुमंजिला इमारत के फ्लैट में बंद कर दिया गया। पीड़ित के अनुसार, फ्लैट में मौजूद चार लोगों ने उसके हाथ पकड़कर गर्दन और पेट पर चाकू लगा दिया। आरोपियों ने धमकाते हुए उसके दो मोबाइल फोन, एक टैबलेट और बैंक की चेकबुक छीन ली। साथ ही उनके काम में हस्तक्षेप करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने पड़ोसी से मदद मांगी, जिसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे मुक्त कराया। कटारा हिल्स पुलिस ने हर्ष मेहरा और रोनित राज सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# पर्युषण महापर्व 8 से, तप-साधना और आत्मचिंतन में जुटेगा जैन समाज

### 15 सितंबर को संवत्सरी महापर्व पर होगी क्षमायाचना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** जैन धर्मावलंबियों का प्रमुख आध्यात्मिक पर्व पर्युषण महापर्व 8 सितंबर से शुरू होगा। आठ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में जैन समाज के श्वेताम्बर समुदाय (स्थानकवासी, मूर्तिपूजक, तेरापंथ) के लोग तप, उपवास, स्वाध्याय, प्रतिक्रमण, ध्यान और साधना के माध्यम से आत्मशुद्धि का प्रयास करेंगे। 15 सितंबर को संवत्सरी महापर्व के अवसर पर आत्मालोचना और परस्पर क्षमायाचना के साथ पर्युषण पर्व का समापन होगा।

श्रमण डॉ. पुष्पेन्द्र ने बताया कि पर्युषण जैन समाज के लिए आत्मचिंतन और आत्मनिरीक्षण का विशेष अवसर है। इसका मूल उद्देश्य बाहरी दुनिया से कुछ समय के लिए दूरी बनाकर अपने विचारों, व्यवहार और कर्मों का मूल्यांकन करना है।जैन परंपरा में इस दौरान तप, त्याग और साधना को विशेष महत्व दिया गया है। चातुर्मास प्रारंभ होने के 49वें अथवा 50वें दिन संवत्सरी पर्व की साधना की जाती है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में चातुर्मासरत श्रमण-श्रमणियों के सान्निध्य में जैन धर्मावलंबी पर्युषण की आराधना करेंगे।

### *जैन स्थानकों में होंगे प्रवचन और आगम वाचन*

*पर्युषण के दौरान जैन स्थानकों में प्रतिदिन प्रातः धार्मिक प्रवचन और स्वाध्याय के कार्यक्रम होंगे। जैन आगम सूत्र 'अन्तकृत दशांग सूत्र' का मूल एवं भावार्थ सहित वाचन किया जाएगा, वहीं दोपहर के समय कल्पसूत्र का मूल एवं भावार्थ सहित वाचन श्रद्धालुओं को सुनाया जाएगा। इसके बाद सेवा, संयम, ध्यान, साधना और सद्व्यवहार जैसे विषयों पर प्रवचन होंगे। प्रातः और सायंकाल प्रतिक्रमण के माध्यम से श्रद्धालु अपने कार्यों और व्यवहार का आत्मनिरीक्षण करेंगे। संवत्सरी के दिन विशेष आत्मालोचना का पाठ होगा।*

इस दौरान स्वाध्याय, उपवास, प्रतिक्रमण, क्षमायाचना और दान प्रमुख रूप से किए जाएंगे। पर्युषण के दौरान जैन समाज में खान-पान में भी संयम रखा जाता है। अनेक श्रद्धालु अपनी क्षमता के अनुसार उपवास, एकासन, आयंबिल सहित विभिन्न प्रकार की तप साधनाएं करेंगे।

### शादी का भरोसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोप, आरोपी छात्र की तलाश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अवधपुरी थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से हुई दोस्ती के बाद एक युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय युवती दैनिक वेतन पर काम करती है। मार्च माह में उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए आरोपी युवक से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ने के बाद दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। आरोप है कि युवक ने शादी करने का भरोसा देकर युवती के साथ कई बार दुष्कर्म किया।

कुछ समय बाद आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया और युवती से संपर्क भी समाप्त कर लिया। उसने युवती का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया, जिसके बाद परेशान युवती ने शनिवार को अवधपुरी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

थाना प्रभारी के अनुसार मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें संभावित स्थानों पर तलाश कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

# सड़क पर गंदगी फैलाते ट्रक को पकड़ा 10 हजार रुपये का किया जुर्माना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शहर में स्वच्छता व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार को अशोका गार्डन क्षेत्र की 80 फीट रोड पर गंदगी फैलाते हुए जा रहे एक ट्रक को निगम अमले ने पीछा कर पकड़ लिया और उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। इसी दौरान जोन क्रमांक नौ के अमले ने पाया कि हाईवे मेट्रो के कार्य से जुड़ा एक ट्रक सड़क पर गंदगी फैलाते हुए जा रहा है। सूचना मिलते ही जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बलवीर मलिक ने ट्रक का पीछा कर उसे रोका। जांच के बाद चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मौके पर ही 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। निगम अधिकारियों ने ट्रक संचालक को भविष्य में सड़क पर गंदगी नहीं फैलाने की समझाइश दी। साथ ही दोबारा ऐसी लापरवाही पाए जाने पर अधिक कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।